आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 04.05.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार।

2— चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सभी व्यापारियों से सात मई को मतदान दिवस पर एक बजे तक बाजार बंद रखने की अपील की।

3— रायपुर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खेला रहे छब्बीस आरोपियों को पुणे से किया गिरफ्तार।

4— केंद्रीय जीएसटी टीम ने रायपुर से एक व्यापारी को गिरफ्तार कर इकहत्तर करोड़ रूपये से अधिक की जीएसटी चोरी का पर्दाफाश किया।

तीसरा चरण—मतदान

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत रायपुर सहित सात संसदीय क्षेत्रों में कल शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी घर—घर जाकर जनसंपर्क करेंगे। राज्य की सात लोकसभा सीटों — रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर—चांपा, सरगुजा और रायगढ़ में सात मई को मतदान होगा।

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों को पहले से प्रमाणित कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्रदेश में तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए पूर्व प्रमाणीकरण मीडिया प्रमाणन समिति से करवाना अनिवार्य होगा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सात मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के मद्देनजर संबंधित क्षेत्रों में मदिरा दुकानें कल पांच मई को शाम पांच बजे से बंद हो जाएंगी। ये दुकानें सात मई तक बंद रहेंगी।

तीसरा चरण—प्रचार

अब जबकि प्रदेश में तीसरे चरण के चुनाव के तहत प्रचार के लिए चौबीस घंटें से भी कम का वक्त बचा है। सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बेमेतरा जिले के नवागढ़ में आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार ने जनता से वादाखिलाफी की। श्री साय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल है और कांग्रेस के कई नेता भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं।

इस बीच, जांजगीर—चांपा जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष यनीता चंद्रा आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया। उनके साथ उनके पति यशवंत चंद्रा और कई सरपंच तथा पूर्व सरपंच भी भाजपा में शामिल हुए हैं।

दूसरी ओर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा है कि भाजपा के शासन में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद और अपराध बढ़ा है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि केन्द्र में भाजपा सरकार के पिछले दस वर्ष के शासनकाल में किसानों की आमदनी घटी है और उनकी आत्महत्या की दर दोगुनी हो गई है।

आईपीएल सट्टा–आरोपी गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खेला रहे छब्बीस आरोपियों को पुणे से गिरफ्तार किया है। रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आज एक पत्रकारवार्ता में बताया कि पकड़े गए आरोपी छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के निवासी हैं। ये सभी आरोपी पुणे से महादेव और अन्ना रेड्डी ऐप के जरिये सट्टा खेला रहे थे। इनके पास से ग्यारह लैपटॉप, अंठानवे मोबाइल, तीस पासबुक, नौ चेकबुक, इकयासी एटीएम कार्ड और पचास सिम कार्ड बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब पच्चीस लाख रूपये बताई गई है। इन सटोरियों से जब्त लैपटॉप और मोबाइल फोन के माध्यम से लगभग तीस करोड़ रूपये से अधिक के लेनदेन की जानकारी प्राप्त हुई है। रायपुर पुलिस को इन आरोपियों को पकड़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। यहां तक कि अपना हुलिया बदलकर सब्जी, दूध और लॉण्ड्री वाला भी बनना पड़ा। पुलिस लगातार उनके ठिकानों पर नजर रखे हुए थी। पुलिस ने इन आरोपियों को पुणे के दो अलग–अलग ठिकानों पर छापा मारकर गिरफ्तार किया है।

जीएसटी चोरी–व्यापारी गिरफ्तार

केंद्रीय जीएसटी टीम ने रायपुर से एक व्यापारी को गिरफ्तार कर इकहत्तर करोड़ रूपये से अधिक की जीएसटी चोरी का पर्दाफाश किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सीजीएसटी की टीम ने सर्वेश कुमार पांडेय को आज रायपुर से गिरफ्तार किया है। इसके बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोप है कि सर्वेश कुमार पांडेय विभिन्न नामों से रायपुर में चार फर्म चलाता था और इसने
जीएसटी से बचने के लिए पूर्व में गिरफ्तार हेमंत कसेरा से करोड़ों रूपये के फर्जी बिल खरीदे थे। हेमंत कसेरा को सीजीएसटी की टीम ने पिछले महीने गिरफ्तार किया था। इसे फर्जी चालान और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट मुहैया कराने के रैकेट का मास्टर माइंड बताया जाता है।

मतदाता जागरूकता

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आगामी सात मई को मतदान दिवस पर एक बजे तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। चेंबर द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 'पहले मतदान फिर दुकान' अभियान के तहत सभी व्यापारियों से यह अनुरोध किया गया है कि वे स्वयं भी मतदान करें और अपने संस्थानों में कार्यरत् कर्मचारियों तथा परिवारजनों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। चेंबर ने व्यापारियों से अपील की है कि मतदान के दिन सात मई को एक बजे के बाद ही अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान खोलें।

इस बीच, मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न जिलों में अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में प्रशासन ने कैंडल मार्च निकालकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

वहीं, इसी जिले में विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में मतदान के बाद अंगुली पर अमिट स्याही का निशान दिखाने पर सामानों की खरीदी में दस प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

इधर, जांजगीर–चांपा जिले में रोजगार के लिए दूसरे शहरों में गए मतदाताओं को मतदान करने के लिए वापस बुलाने ''घर आ जा संगी अभियान'' चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले से पलायन किए लगभग चौबीस हजार लोगों से बातचीत की गई, जिनमें से नौ हजार से अधिक श्रमिकों की घर वापसी हो चुकी है। इन श्रमिकों का जिला प्रशासन द्वारा तिलक लगाकर और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

इस बीच, प्रदेश में पचासी वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग का सिलसिला जारी है। विभिन्न जिलों में मतदान दल बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान करा रहे हैं।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''रायपुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

दुर्घटना

बेमेतरा जिले में बीते अट्ठाईस अप्रैल को हुए सड़क हादसे में मृत व्यक्तियों के परिजनों को केन्द्र सरकार ने दो–दो लाख रूपये मुआवजा देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को पचास–पचास हजार रूपये का मुआवजा दिया जाएगा। यह राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सहायता कोष से दी जाएगी। गौरतलब है कि बेमेतरा के के कठिया गांव में हुए सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, बाईस अन्य लोग घायल हो गए थे।

इस बीच, बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर को टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार पंद्रह यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। घायलों में सात की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। यह बस अंबिकापुर से रायपुर आ रही थी।

मुख्यमंत्री–राजनयिक मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल शाम अनेक देशों के राजनयिकों ने मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात की। इनमें नेपाल, बांग्लादेश, मॉरीशस और रूस के राजनयिक शामिल हैं। ये राजनयिक छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के तहत सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव का अवलोकन करने पहुंचे हैं। इन सभी आगंतुकों का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया और उनसे चुनाव के अनुभव के बारे में चर्चा की।

अनवर ढेबर–याचिका

रायपुर की पी.एम.एल.ए. विशेष अदालत ने शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार अनवर ढेबर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। इसके अलावा अदालत ने इसी मामले में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा की ईडी रिमांड अवधि को दो दिन यानी छह मई तक बढ़ा दिया है।

इसके अलावा कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में गिरफ्तार मार्कफेड के पूर्व अधिकारी मनोज सोनी को भी आज ईडी ने अदालत में पेश किया। जहां से उसकी ईडी रिमांड अवधि सात दिन के लिए बढ़ा दी गई है।

मौसम

राज्य में अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी का दौर बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ के मध्य भाग के कुछ इलाकों में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान चवालीस डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। हालांकि, बस्तर संभाग के जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– सीबीएसई द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम बीस मई के बाद जारी किए जाएंगे।

– रायपुर में आओ जाने अपना बूथ अभियान की शुरूआत कल से होगी। इसके तहत मतदाता सुबह आठ बजे से ग्यारह बजे तक अपने–अपने बूथों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का अवलोकन कर सकते हैं।

– बालोद जिले के काड़े गांव में तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए एक व्यक्ति पर भालू ने हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया है। घायल व्यक्ति का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के धान संग्रहण केंद्र के पीछे भीषण आग लग गई। फायर बिग्रेड की टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है।

– हरियाणा में आयोजित सड़सठवीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने नेटबॉल में कांस्य पदक जीता है। इस टीम में मुंगेली जिले के मदकू स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल थे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>